## संक्षिप्त

### जागरूकता रथ रवाना

**टोंक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अय्यूब खान और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दिनेश कुमार जलथुरिया ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रगांण में सिकोईडिकोन संस्था के बाल विवाह की रोकथाम हेतु एक विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से संस्था गांवों में जाकर बाल विवाह के दुष्परिणामों, बच्चों के अधिकारों और इससे जुड़े कानूनी पहलुओं के बारे में लोगों को जागरूक करेगी। इस इवसर पर सिकोईडिकोन संस्था के प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार, विमल कुमार बुंदेल, हनुमान मीणा, किरण शर्मा, राजेन्द्र बेनीवाल कई स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, एडीआर के कर्मचारी ,सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण नागरिक भी उपस्थित रहे।

### बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के भगवान श्री परशुराम मंदिर परिसर में शनिवार को तहसील ब्राह्मण सभा, नगर ब्राह्मण समाज व भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध कमेटी कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें आगामी 30 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाये जाने का निर्णय लिया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने बताया कि 30 अप्रैल को प्रात: 07 बजे भगवान का जलाभिषेक व पूजा आरती कर कोटपूतली नगर के लिये शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियों का भी प्रदर्शन किया जायेगा।

### स्वाभिमान यात्रा का आयोजन

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान व गणतंत्र में योगदान के प्रचार हेतु संविधान स्वाभिमान संगोष्ठी तथा स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 14 से 28 अप्रैल तक संविधान स्वाभिमान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बाबा साहब के योगदान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने स्वंयसेवकों व विद्यार्थियों को धार्मिक, जातिगत, लैगिक, क्षेत्रीय भेदभाव को दूर करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान संकाय सदस्य व स्वयंसेवक आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से आग लगी

**राजगढ़।** बांदीकुई मार्ग स्थित औद्योगिक क्षेत्र पेट्रोल पंप के सामने श्रीनगर बांधेन पहाड़ी क्षेत्र में व बासडी गांव में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना पाकर वन विभाग के कर्मचारियो एवं दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया। औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष गोपेश शर्मा ने बताया कि वन विभाग की पहाड़ी क्षेत्र में प्रात: शनिवार को आग लग गई। इसकी सूचना वन विभाग को दी। रेंजर राहुल फौजदार ने बताया कि वन रक्षकों ने परंपरागत तरीके से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इधर दूसरी और फायर प्रभारी पिंकी मीणा ने बताया कि बांसड़ा लक्ष्मणगढ़ में खेत की मेड मैं आग लगने की सूचना पर अग्निशमन बाहर मौके पर पहुंचा, उसके बाद आग पर काबू पाया।

### कलक्टर ने ली बैठक

**कोटपूतली।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 की प्रगति समीक्षा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की कार्यान्वयन योजना पर चर्चा करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अन्तर्गत अप्रारम्भ बीएलसी आवासों को आगामी एक माह में प्रारम्भ करने, छत स्तर पर निर्माणाधीन आवासों को मई 2025 तक पूर्ण करने, प्लिंथधलिंटल स्तर पर निर्माणाधीन आवासों को मई 2025 तक पूर्ण करने, लाभार्थियों को अनुदान में निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# स्वच्छता के क्षेत्र में अलवर मॉडल बनाने के लिए समन्वित प्रयास जरूरी : भूपेंद्र यादव



प्रताप ऑडिटोरियम में तैयारीयों का जायजा लेते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा।

■ सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर के 27 अप्रैल को अलवर आगमन पर प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया

**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में अलवर शहर के सुव्यवस्थित विकास एवं शहर को स्वच्छ शहरों में अग्रणी बनाने के संदर्भ में समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री यादव ने बैठक में कहा कि देश के स्वच्छ शहरों की तर्ज पर अलवर शहर का भी स्वच्छता में एक मॉडल बने, इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। उन्होंने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर निर्देश दिये कि शहर की परिसीमा के नगर निगम, यूआईटी, रीको व ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई का एकीकृत मॉडल विकसित करने के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि नगर निगम साफ-सफाई व्यवस्था की 300 दिवसीय विस्तृत कार्य योजना बनाए, जिसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सिवरेज वाटर ट्रीटमेंट व इसके उपयोग तथा लीगेसी बेस वेस्ट का निस्तारण, कचरा संग्रहण व उसके ट्रांसपोर्टेशन के घटकों को शामिल करें तथा इसमें जन जागरूकता को भी शामिल करें। उन्होंने अलवर शहर में स्वच्छता को संस्कार में लाने व स्वच्छता संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने शोधित जल के औद्योगिक उपयोग के लिए औद्योगिक इकाइयों से समन्वय कर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने अग्यारा स्थित नगर निगम के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लांट के अपग्रेडेशन के प्रस्ताव तैयार करने तथा इसको पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने की कार्य योजना बनाने के साथ इस प्लांट का थर्ड पार्टी के द्वारा निरीक्षण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार की बजट घोषणाओं एवं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वीकृत विकास कार्यों का एक एकीकृत फ्लो चार्ट बनाने के निर्देश दिये, जिसमें विकास कार्य का विवरण, कार्य की वर्तमान स्थिति, कार्य पूर्ण होने की स्थिति आदि की बिन्दुवार जानकारी रहे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्रीय मंत्री यादव को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से कराई जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के साथ प्रताप ऑडिटोरियम में पहुंचकर 27 अप्रैल को सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर की अलवर में प्रस्तावित यात्रा के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों का बारिकी से जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## अपराधियों को किया गिरफ्तार

**कोटपूतली।** राज्य सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एरिया डोमिनेशन अभियान निरन्तर जारी है। इसी क्रम में एसपी राजन दुष्यंत के निर्देश पर कोटपूतली-बहरोड़ जिले में संचालित विभिन्न गैंग, हिस्ट्रीशीटर व आदतन अपराधी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, आबकारी आदि अधिनियम में वांछित अपराधी, डकैती व रंगदारी के मामलों के स्थाई वारंटी एवं उद्घोषित व ईनामी अपराधी, सोशियल मीडिया पर हथियारों की फोटो को वायरल कर भय फैलाने वालों एवं गैंगस्टरों को फॉलो व लाईक करने वाले एवं आमजन में डर फैलाने वाले अपराधियों के विरूद्ध विशेष प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी के तहत शनिवार अल सुबह एसपी दुष्यंत के निर्देश पर कोटपूतली-बहरोड़ जिले में आदतन व वांछित अपराधियों के मकानों पर पुलिस की 36 टीमों द्वारा 125 ठिकानों पर एक साथ दबिश देते हुये 55 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की कार्यवाही से अपराधियों में हडकम्प मच गया।

बड़ी संख्या में अपराधी ईलाका छोडकर फरार एवं भूमिगत हो गये। पुलिस द्वारा आदतन व वांछित अपराधियों के मकानों पर दबिश के दौरान अवांछित वस्तुओं की गहनता से जाँच की गई। इस दौरान एएसपी कोटपूतली वैभव शर्मा, एएसपी नीमराणा शालनी राज के निर्देश पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में उप पुलिस अधीक्षक व एसएचओ की विशेष पुलिस टीमों ने कार्यवाही की। एसपी दुष्यंत ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर अपराधियों की धरपकड़ हेतु अभियान जारी रहेगा, निरन्तर दबिश से अपराधियों के हौंसले पश्त है, आगे भी राजस्थान पुलिस का यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## 105 वर्ष पुराने शिवालय का करवाया पुन: जीर्णोद्धार

**कोटपूतली।** कस्बे के वार्ड नं. 20 स्थित मोरीजावाला मौहल्ले में 105 वर्ष पुराने प्राचीन शिवालय का मोरीजावाला परिवार द्वारा पुनरू जीर्णोद्वार समारोह बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। उल्लेखनीय है कि मोरीजावाला मौहल्ले में वर्ष 1921 में 16 अप्रैल को स्व. दुर्गाप्रसाद मोरीजावाला द्वारा प्राचीन शिवालय की स्थापना की गई थी। समय के साथ-साथ उक्त मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गया था। जिसे स्व. दुर्गाप्रसाद के वंशज क्रमशरू कैलाश, पवन कुमार व एड. अभिषेक मोरीजावाला द्वारा मरम्मत करवाकर पुनरू जीर्णोद्वार किया गया। पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल ने भगवान का अभिषेक कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पुराने मंदिर, देवालय, बावड़ी आदि समाज की प्राचीन धरोहर है। परम्परा, सभ्यता, संस्कृति के विकास एवं युवा पीढ़ी को इनका महत्व बताने के लिये इनका संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्वार करवाने के लिये मोरीजावाला परिवार की सराहना भी की। कार्यक्रम में युवा गुर्जर महासभा के तहसील अध्यक्ष शिव पटेल, युवा व्यवसायी व उद्यमी आनन्द मित्तल, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत, एड. प्रभु पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरूण सैनी, युवा नेता विकास डोई, पार्षद प्रतिनिधि मनोज अग्रवाल व मुखिया पायला, भाजपा नेता राव जीतु यादव समेत बड़ी संख्या में अतिथियों ने शिरकत की।

इससे पूर्व शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन आचार्य पं. ललित शास्त्री के सानिध्य में विधि विधान से वेद मंत्रोच्चार के साथ हुआ। मूर्ति स्थापना एवं भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालूओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान अजय राय साहब, अयोध्या प्रसाद मोरीजावाला, एड. हरिराम यादव, आयुष अग्रवाल, शिव अग्रवाल, हरनारायण, शिम्भुदयाल, आनन्द मोरीजावाला, शशिकांत मिश्रा, मनोज यादव, हेमंत मोरीजावाला, कृष्ण कुमार खैतान, ओमप्रकाश, भवानी छीपी, सीए अजय जिंदल, अरूण यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## महोत्सव मनाया

**निवाई।** अष्ट जिनालयों से सुशोभित धर्म नगरी निवाई में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में श्री शान्तिनाथ अग्रवाल दिगम्बर जैन मंदिर, श्री दिगम्बर जैन बडा मंदिर, नसियां मदिर, बिचला जैन मंदिर, चन्द्रप्रभु जैन मंदिर, बाबाजी का चैत्याल्य व शिवाजी कॉलोनी जैन मंदिर में नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। चातुर्मास कमेठी के अध्यक्ष सुनिल भाणजा ने बताया कि महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रात: काल मूलनायक शांतिनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा की गई एवं गाजे-बाजे के साथ निर्वाण पाठ बोलकर जैन धर्म के 21 वें तीर्थंकर नमिनाथ भगवान का निर्वाण लाडू धूमधाम से चढाया गया।

इस दौरान नमिनाथ भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर से महेन्द्रकुमार जैन शिवाड की भव्य गोद भराई एवं बिन्दोरी गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। इनको आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज व बालाचार्य महाराज, निपूणनन्दी महाराज द्वारा सावर में दीक्षा दी जाएगी।

## 2 करोड 28 लाख रूपये का चना व साढे चार लाख रूपये की सरसो खरीद

■ मालपुरा मे दस दिन मे समर्थन मूल्य पर 118 किसानो से केवीएसएस ने खरीदा दो करोड से अधिक का चना

**मालपुरा।** राज्य सरकार द्वारा किसानो को कडी मेहनत से तैयार की गई उपज का पूरा दाम देने के उदेश्य को लेकर राजफेड व नेफेड द्वारा केवीएसएस के माध्यम से मालपुरा कृषि उपज मंडी परिसर मे शुरू किये गये सरकारी खरीद केन्द्र पर बीते दस दिनो मे 118 किसानो से 2 करोड 28 लाख रूपये का चना व साढे चार लाख रूपये की सरसो खरीद की गई। केवीएसएस प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी व व्यवस्थापक भंवर लाल विजय ने बताया कि सरकार के आदेशो पर मंडी परिसर मे 16 अप्रेल से सरसो व चने की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू की गई है। इस बार चना 5650 व सरसो 5950 रूपये प्रति क्विंटल के दाम मे खरीद की जा रही है। समर्थन मूल्य पर चने की फसल बेचान के लिये 1356 किसानो ने पंजीकरण करवाया है। ऑनलाईन पंजीयन किसानो को अपने जिन्सो की तुलाई के लिये रोजाना 4० किसानो को मोबाईल पर मैसेज भेजा जा रहा है। जिसमे से 25 से 3० किसान सरकारी कांटे पर पहुंच रहै है। भंवरलाल विजय ने बताया कि 16 अप्रेल से 25 अप्रेल तक 8078 बैग चना व 152 बैग सरसो के तुलाई की गई है। जिन्है केवीएसएस को आवंटित वेयर हाऊस के गोदाम भेजा जा रहा है। दस दिन मे 2 करोड 28 लाख रूपये का चना व साढे चार लाख रूपये की सरसो सरकारी कांटे पर खरीदी गई है। इस बार कृषि मंडी मे समर्थन मूल्य से अधिक व्यापारियो की दाम होने से किसान सरसो को सरकारी कांटे के बजाय मंडी मे ही बेच रहा है। हालांकि इस बार मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र मे चने की बम्पर पैदावार होने के बावजूद समर्थन मूल्य पर सरकारी कांटे पर प्रति किसान महज 4० क्विंटल चना खरीदने की सीमा निर्धारित होने से मजबूरन किसान को चार से पांच रूपये प्रति किलो कम दाम मे चने की फसल मंडी मे बेचने पर मजबूर होना पड रहा है।

## दिवंगत नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

**शाहपुरा।** भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह एवं भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, भाजपा पूर्व जिला मंत्री एवं पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष रवीश खटाणा, पूर्व प्रधान एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंजू सैनी, शाहपुरा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद मालीराम सैनी, नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी के सानिध्य में भाजपा नगर मंडल शाहपुरा के कार्यकर्ताओं ने शहर के अनाज मंडी से पिपली बस स्टैंड तिराहा तक पहलगाम कायरतापूर्ण आतंकी हमले के खिलाफ गहरा विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाते हुए पैदल मार्च निकाला। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान आतंकवाद का पुतला जलाते हुए पहलगाम में दिवंगत हुए निर्दोष नागरिकों को मोमबत्ती जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मंडल प्रतिनिधि महेश पारीक, सहसंयोजक श्याम सुंदर राज जोशी, उपाध्यक्ष राजेश पलसानियां, उपाध्यक्ष राकेश दाधीच, पार्षद इंद्राज पलसानियां, पार्षद पुनीत भगेरिया, बिरदीचन्द गुर्जर आदि सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म **मैसर्स श्री बालाजी टूल्स** पता जे-1104, रीको इण्डस्ट्रियल एरिया, सीतापुरा फेज-।।।, टोंक रोड, जयपुर पंजीयन संख्या 13/571/2010 की भागीदार श्रीमती संतोष पारीक पत्नी श्री सुरेश पारीक की दिनांक 03.11.2023 को मृत्यु हो जाने के कारण फर्म से रिटायर किया गया है एवं श्री सुरेश पारीक को नवीन भागीदार नियुक्त किया गया है। सूचित रहे। यदि किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर (शहर) में आपत्ति दर्ज करावे।
**मैसर्स श्री बालाजी टूल्स, पार्टनर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत आकोडिया**
पंचायत समिति कोटखावदा, जिला जयपुर (राज.)
क्रमांक-ग्रा.पं./आकोडिया/2025/215 दिनांक-25/04/25
**आपत्ति आमंत्रण सूचना**
ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग से राजस्व ग्राम भादवास के संशोधित सर्वे प्रपत्र व मैप 2.1 को आमजन के लिये प्रदर्शित किया जाकर आपत्ति आमंत्रित की जाती है। साथ ही उक्त सर्वे प्रपत्र व मैप 2.1 ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रत्येक भूखण्ड के विवरण मय भूमि नक्शा सहित सर्वजन हेतु अवलोकनार्थ भी उपलब्ध है। इस सर्वे प्रपत्र व मैप 2.1 में किसी प्रकार की आपत्ति/संशोधन हेतु आपत्तियां ग्राम पंचायत कार्यालय में 07 (सात) दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।
आवादी भूमि की सीमा अथवा नक्शों में ड्रोन सर्वे द्वारा प्रदर्शित प्रापर्टीज की सीमा व नाम के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यदि आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो ग्राम पंचायत द्वारा प्रापर्टीज पार्सल मय पट्टा वितरित किया जावेगा।
(घनश्याम शर्मा)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत आकोडिया
पं.स.कोटखावदा (जयपुर ग्रामीण)

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/200
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री SWAPNIL VERMA, B 23 SHREE JI NAGAR, BEHIND HOTAL ROYAL ORCHID, DURGAPURA, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास स्पोर्टिवा विंग्स फाउंडेशन, 23, 24 SHREE JI NAGAR, DURGAPURA, JAIPUR, RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01/07/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग जयपुर-प्रथम

**खोया पाया**
मेरे फ्लैट नंबर 52/137 फर्स्ट फ्लोर प्रताप नगर सांगानेर का ओरिजनल नो ड्यूज ,लीज सर्टिफिकेट कहीं गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें नवल किशोर अग्रवाल 9928088998

**नाम परिवर्तन**
मैं जोगेन्द्र कुमार तनेजा पुत्र श्री लक्ष्मण दास निवासी 284, गली न. 5, व्यास मार्ग, राजापार्क जयपुर राज. 302004 ने अपना नाम जोगेन्द्र कुमार से बदलकर जोगेन्द्र कुमार तनेजा कर लिया है तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये

मै राखी गुप्ता पत्नी श्री परेश कुमार गुप्ता निवासी 1351 बरकत नगर, टोंक रोड, जयपुर हूं, मैंने विवाह के बाद अपना नाम राखी/ राखी जैन से बदलकर राखी गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

मैने अपना नाम खुशप्रीत सिंह से बदलकर खुशप्रीत सिंह कपूर पुत्र रविन्द्र सिंह कपूर कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये निवासी-141-148, कृष्णा मार्ग, गोविन्द नगर पूर्व, आमेर रोड, जयपुर 302002

मैं, प्रेरणा गर्ग पत्नी श्री मयंक गुप्ता, निवासी ए-180, जेडीए कॉलोनी, ब्लॉक-ए, सालिगरामपुरा, बीलवा कलां, जयपुर। मैंने अपना नाम प्रेरणा गुप्ता से बदलकर प्रेरणा गर्ग रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जानी जाऊँगी।

I Sajjana garhwal legally wedded spouse of service no 179446H Ex POME (NAVY) Gopi Ram s/o Moti Ram resident off F-4 nainath residency plot 76-A-77 shivpuri kalwar road jhotwara jaipur that have changed my name From SAJJANA GARHWAL is wrong entered in my husband service record TO SAJJANA vide affidavit dated 25/4/2025 before district notary Jaipur

I no 179446H Ex POME (NAVY) Gopi Ram S/O Moti Ram resident off F-4 nainath residancy, plot 76-A-77 shivpuri, kalwar road jhotwara jaipur that have changed my son name from RAHUL KUMAR is wrong entered in my service record To RAHUL CHOUDHARY & Daughter MAHEEMA KUMARI is wrong entered in my service record To MAHIMA CHOUDHARY vide affidavit dated 25/4/2025 before district notary Jaipur

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद उमर, निवासी-23, मिलन कॉलोनी, चार दरवाजा बाहर, बास बदनपुरा, जयपुर का है तथा मेरे अभिभाष्य के पुत्र मोहम्मद अरशद मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा आये दिन लड़ाई झगडा व गाली गलौच व अपमानित करता है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र मोहम्मद अरशद को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति मोहम्मद अरशद से कोई संव्यवहार व लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर (ताज मोहम्मद खान) एडवोकेट
दिनांक-25/4/25 मो.9828554625

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/184
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री ASHOK KUMAR BALODIA, 18, PRINTERS NAGAR II, SITABARI TONK ROAD, SANGANER, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास इंद्र कंवर चैरिटेबल ट्रस्ट, PLOT NO 4 A, PAWAN PUTRA COLONY A, BAJRI MANDI ROAD PANCHYAWALA, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 21-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01/07/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग जयपुर-प्रथम

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश (व.ख.) एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-8 जयपुर महानगर प्रथम-जयपुर
शम्भू दयाल सर्राफ व अन्य **विरूद्ध** विनोद कुमार मिश्रा व अन्य
**वाद/प्रार्थना पत्र अवमानना**
**प्रार्थना-पत्र संख्या 3/2017 सन्**
नाम बनवारी लाल शर्मा पुत्र श्री किशोरी लाल शर्मा जाति शर्मा पता (1) सब रजिस्ट्रार पंजीयन एवं मुद्रांक, जयपुर शहर द्वितीय (2) तहसीलदार अम्बापुरा-307001 जिला-बांसवाड़ा (3) एस.डी.एम. एण्ड तहसील ऑफिस कचहरी रोड, अग्रवाल नगर, गंगापुर सिटी (राजस्थान) 322201
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ..........................................
अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 28 माह 05 सन् 2025 को 7:30 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 24 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-08 जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए रवाना किया जागरूकता रथ



सचिव दिनेश कुमार ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**निवाई।** सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमाण के तहत बाल विवाह की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता रथ को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अय्यूब खान व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दिनेशकुमार जलथुरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था प्रभारी अनिता शर्मा ने बताया कि इस रथ के माध्यम से संस्था के कार्यकर्ता गांवों में जाकर बाल विवाह के दुष्परिणामों, बच्चों के अधिकारों व इसके कानून के पहलुओं के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अय्यूब खान ने कहा कि

बाल विवाह समाज के लिए एक गंभीर समस्या है, जो बच्चों के भविष्य को अंधकारमय करता है। बाल विवाह न केवल बच्चों की सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी रुकावट डालता है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर बाल विवाह के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाएगा और लोगों को बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी देगा। रथ के माध्यम से बैनर, पोस्टर और सार्वजनिक संदेशों के माध्यम से लोगों को इसके खिलाफ जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार, विमल कुमार, हनुमान मीणा व किरण शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी, एडीआर के कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता व कई ग्रामीण मौजूद थे।

## देवली के हॉस्पिटल में माइनस छह नंबर आंखो का ऑपरेशन सफल

**देवली ।** आंखों की गंभीर समस्या से पीड़ित महिला का यहां माहेश्वरी आई हॉस्पिटल में ऑपरेशन सफल हुआ है। खास बात तो यह है कि जयपुर निवासी महिला ज्योति कवर ने जयपुर जैसे बड़े शहर में ऑपरेशन करने की बजाय देवली शहर के माहेश्वरी आइ हॉस्पिटल में ऑपरेशन करवाए जाने भरोसा जताया। जानकारी के अनुसार पिछले कई समय से आंखों पर लगे चश्मे की समस्या को लेकर उक्त महिला परेशान चल रही थी।

इस पर डॉक्टर एस एस लाठी ने बताया कि ज्योति की आंखों पर माइनस 6 नंबर का चश्मा कई समय से लगा हुआ था । ऐसे में पीड़ित महिला ने देवली शहर के माहेश्वरी आइज हॉस्पिटल में डॉक्टर एस एस लाठी से परामर्श लिया। और अपनी आंखों बढ़ती समस्या के बारे में बताया की आंखों पर माइनस 6 नंबर का चश्मा लगा हुआ है। जिससे उन्हें काफी तकलीफ हो रही है। ऐसे में डॉ एस एस लाठी ने उनकी आंखों का चेक अप करते हुए उन्हें आंखों का ऑपरेशन करवाने की सलाह दी । इस पर पीड़ित महिला ने चिकित्सक को ऑपरेशन करने की अनुमति दे दी । इसके बाद डॉक्टर लाठी ने उनकी आंखों का सफल ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद आंखों पर लगे माइनस 6 नंबर के चश्मे से महिला को राहत मिल गई और आंखों पर लगा चश्मा हट गया। डॉक्टर लाठी का मानना है कि आंखों पर लगे इस तरह चश्मे की समस्या से निजात पाने के लिए अधिकांश बड़े शहरों में ही ऐसे ऑपरेशन ज्यादा होते। ऐसे में, इस तरह का पहला ऑपरेशन देवली शहर के माहेश्वरी आई अस्पताल में होना खुशी की बात है । ऐसे में गौर करने वाली बात तो यह है कि डॉक्टर लाठी ने सफलता पूर्ण यह ऑपरेशन करके छोटे शहर के उक्त समस्या से मरीजों को राहत का भरोसा दिलाया है।

# ‘पशु चिकित्सा दिवस का उद्देश्य पशु क्रूरता को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना है’

■ कृषि महाविद्यालय में विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया



विश्व पशु चिकित्सा दिवस पशु चिकित्सा अधिकारी भूरी भड़ाज डॉ. पुष्पेंद्र सिराधना के मुख्य आतिथ्य व अधिष्ठाता डॉ. सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मनाया।

**पावटा।** पाथरेड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पशु चिकित्सा अधिकारी भूरी भड़ाज डॉ. पुष्पेंद्र सिराधना के मुख्य आतिथ्य व अधिष्ठाता डॉ. सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दौरान डॉ. पुष्पेंद्र सिराधना ने पशु चिकित्सा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिवस का उद्देश्य पशु स्वास्थ्य देखभाल व पशु क्रूरता को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना है।

वही यह दिवस हमे पशुओं के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है। अधिष्ठाता डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष पशु चिकित्सा पेशे में विविधता, समानता और समावेशिता को बढ़ावा देना है। पशु चिकित्सा विज्ञान का महत्व, पशु चिकित्सकों द्वारा किये कार्यों को प्रोत्साहन देना, पशु रोग दवाओं की जानकारी के साथ पशु स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरुकता लाना है। वही हमारे जीवन में पशुओं के महत्व को जानकर उनकी सेवा में समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए।वही लोग जानवरों के साथ होने वाले तरीके व्यवहार, प्रेम, अहिंसा, शांति व विकास के प्रति जागरुक रहें। वही इस दिवस पर महाविद्यालय परिसर में बेजुबा पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम को देखते हुए परिंडे लगाए गए। अंत में डॉ. डी.के बैरवा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वही मंच संचालन द्वितीय वर्ष छात्रा हेमलता पचार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ. वी.एस. मीणा, डॉ. पार्वती दिवान, डॉ. सुशीला ऐचरा, डॉ.एन. के. मीणा, डॉ.ओमेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. प्रवीण हटवाल, सहित अशैक्षिणक वर्ग में दीपक, अजय, कुंदन, दुलाराम, अंकित, सचिन, चेतना, सुमन सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।